राजस्थान सरकार
न्याय विभाग

———————.

क्रमांक प.6(1) उच्च न्यायालय/न्याय/2016 जयपुर, दिनांक 09.01.2017

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव/
   प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव
2. समस्त विभागाध्यक्ष
3. जिला कलक्टर
   (जिला नोडल अधिकारी, लाईट्स)

———————————————

विषयः—लाईट्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से न्यायिक प्रकरणों का प्रभावी पर्यवेक्षण।

महोदय,

राज्य सरकार के राजस्थान उच्च न्यायालय (जोधपुर व जयपुर) से संबंधित प्रकरणों की अद्यतन सूचना लाईट्स सॉफ्टवेयर पर राजस्थान उच्च न्यायालय प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवा दी गयी है जिससे उक्त सूचना राजस्थान उच्च न्यायालय की वेबसाइट के साथ लाईट्स सॉफ्टवेयर पर भी अद्यतन रूप में उपलब्ध हैं।

उक्त सूचना को लाईट्स सॉफ्टवेयर पर निष्यंतक (Filter) के माध्यम से आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता हैं यथा विभागाध्यक्ष से संबंधित प्रकरणों की संख्या, अवमानना प्रकरणों की संख्या, निर्णय की क्रियान्वति की स्थिति इत्यादि।

लाईट्स सॉफ्टवेयर पर "Search/Query-> Generic Search" संबंधी सुविधा का विस्तार किया गया हैं जिसमें पूर्व में उपलब्ध 12 मापदण्डों(Parameters) व 7 कॉलम(Field) के स्थान पर 40 मापदंड व 15 कॉलम उपलब्ध कराये गये हैं जिसमें आवश्यकतानुसार उपयोग में लाकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा सकती है जो कि न्यायिक प्रकरणों के प्रभावी पर्यवेक्षण को अधिक सहज बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

उक्त वर्णन के परिप्रेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि उक्त दोनो सुविधाओं का अनुकूलतम उपयोग करने के लिए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करने का श्रम करें।

भवदीय

शासन संयुक्त सचिव